आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली

प्रेस विज्ञप्ति

05.07.2019

आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना बना भारतीय रेलवे का सबसे पर्यावरण अनुकूल इकाई

आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना ने भारतीय रेल कि सबसे अधिक पर्यावरण अनुकूल इकाई होने का गौरव प्राप्त किया है।

भारतीय उद्योग परिसंघ (CII) की ग्रीनको रेटिंग प्रणाली पहली तरह की रेटिंग है जो कंपनियों को अपने समग्र हरित प्रदर्शन को बेहतर बनाने में सुविधा प्रदान करती है। आरेडिका जिसने "प्लाटीनम" रेटिंग प्राप्त किया है ने पिछले तीन वर्षों में अपने ताजे पानी की खपत में 64 प्रतिशत प्रति कोच, उर्जा उपयोग मे 53 प्रतिशत प्रति कोच और कागजी उपयोग में 54 प्रतिशत की कमी किया है ।

आरेडिका ने पर्यावरण के साथ–साथ पानी के बेहतर उपयोग के लिए कारखाने में 12 बोरवेल से 6 वाटर हार्वेस्टिंग पिट विकसित किए है और आवसीय परिसर मे 13 रेन वाटर हार्वेस्टिंग पिट तैयार किया गया। आरेडिका ने उर्जा के क्षेत्र में भी कार्य किए हैं इसके लिए सबसे बड़े 3 मेगावाट क्षमाता के सौर उर्जा संयत्र को भी स्थापित किया गया है जिससे कि कार्बन डाऑक्साइड के उत्सर्जन मे प्रति कोच 44 प्रतिशत की कमी की है।

भारतीय रेलव की सभी उत्पादन इकाईयों के में से किसी एक को उत्कृष्ट उत्पादन इकाई की शील्ड दी जाती है जिस के मूल्यांकन में 50 प्रतिशत महत्व इकाई के उत्पादन को दी जाती है। इसके साथ–साथ उत्पाद गुणवत्ता प्रबंधन, कम कीमत पर उत्पाद निर्माण कार्य क्षेत्र में कर्मचारी सेहत व सुरक्षा की प्रतिबद्धता, पर्यावरण संतुलन कार्य, विभिन्न मानकों में प्रभाषित होना, कर्मचारी कल्याण, खेल–कूद, जनसंपर्क एवं कर्मचारी प्रशिक्षण व कौशल विकास का भी मूल्यांकन किया जाता है।

आरेडिका अपने विकास कि श्रृंखला में लगातार आगे बढ़ रहा है। इसके विकास और बढ़ते कोचों के विनिर्माण की गति का मूल्यांकन करके भारतीय रेलवे ने इस वर्ष आरेडिका को उत्कृष्ट उत्पादन इकाई के रुप में चयनित किया है ।

(आर. पी. शर्मा) 5/7

मुख्य जन–संपर्क अधिकारी